हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र के खदानों में कोयला उत्खनन व डिस्पैच कार्य पड़ा ठप

# पहली बार एसईसीएल के चारों एरिया में किया गया खदानबंदी आंदोलन



खदान में प्रदर्शन करते भूविस्थापित।


एसईसीएल मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करते युवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में संचालित एसईसीएल की कोयला खदानों से प्रभावित भूविस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर खदान बंद आंदोलन किया। पहली बार भूविस्थापितों ने सभी खदानों में एक साथ हड़ताल कर एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। भूविस्थापितों के आंदोलन से एसईसीएल के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा व सराईपाली खदान में कोयला उत्खनन कार्य बाधित हो गया। वहीं डिस्पैच कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया। सभी एरिया में एक साथ हड़ताल किए जाने से प्रबंधन के आला अधिकारियों के हाथ पांव फुलने लगे और आनन-फानन में भूविस्थापितों के साथ वार्ता आयोजित कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद आंदोलन स्थिगित किया गया।

### खास बात

- सुबह से ही भूविस्थापितों ने अलग-अलग फेस में शुरू किया धरना प्रदर्शन, जताया विरोध

एसईसीएल की कोयला खदानों में भू-विस्थापितों ने पहली बार एकजुट होकर ऐतिहासिक बंद का आह्वान किया। इस आंदोलन से कुसमुंडा, दीपका, गेवरा और कोरबा क्षेत्र की खदानों में कोयला उत्पादन, मिट्टी उत्खनन और परिवहन कार्य ठप कर दिया गया। भूविस्थापितों ने उचित मुआवजा, विस्थापितों के पुनर्वास व रोजगार की मांग को लेकर बुधवार की सुबह खदानों में उतरकर कोयला उत्पादन, मिट्टी उत्खनन और परिवहन कार्य में लगी वाहनों को रोक कर बंद करा दिया। भूविस्थापितों ने कुसमुंडा क्षेत्र में सुबह 6 बजे से तो दीपका गेवरा क्षेत्र की खदानों में 8 बजे से आंदोलन शुरू कर दिया था। कुसमुंडा क्षेत्र के पाली, पडनिया, रिसदी, जटराज, खोडरी, गेवरा बस्ती सहित अन्य गांव के ग्रामीण इकट्ठा होकर खदानों में उतरे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

भूविस्थापितों ने भिलाई बाजार के मुहाने को बंद करा दिया। वहीं दूसरी ओर गेवरा खदान के नरईबोध, रलिया, आमगांव फेस को भी बंद करा दिया गया। इसी तरह एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सराईपाली परियोजना में भी सुबह से ही धरना प्रदर्शन कर कोयला उत्पादन और परिवहन कार्य पूरी तरह ठप कर दिया गया। इसके अलावा दीपका क्षेत्र के आमगांव, दर्रा खांचा, मलगांव और सुवाभोंडी फेस के खदान को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। भूविस्थापितों के द्वारा पहली बार एसईसीएल के सभी खदानों में एक साथ खदान बंदी आंदोलन किया गया। इस दौरान कुसमुंडा के सभी आउटसोर्सिंग कम्पनी के कर्मचारी ठेका कामगारों ने भी आंदोलन का समर्थन में अपने ड्यूटी का बहिष्कार कर गाड़ियों को खड़ा कर दिया।

### जीएम की निकाली शव यात्रा


विभिन्न तरीकों से नारेबाजी करते हुए भूवस्थापितों ने जंगी प्रदर्शन करते हुए कुसमुंडा महाप्रबंधक राजीव सिंह की शव यात्रा भी निकाली। भूविस्थापितों ने अंतिम यात्रा व संस्कार विधि के लिए मुंडन भी कराया। नारेबाजी करने के साथ-साथ यह शव यात्रा बीच चौराहे पर पहुंची जहां पुतला दहन किया गया। दरअसल एसईसीएल प्रबंधन के अड़ियल रवैये से भूविस्थापितों में आक्रोश बढ़ाता जा रहा है।

### क्षेत्रीय स्तर के बाद मुख्यालय में होगी बैठक

भूविस्थापितों के उग्र आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सहित सभी बोर्ड मेम्बर के साथ 22 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक एसईसीएल मुख्यालय आयोजित की जाएगी। हालांकि उससे पहले क्षेत्रीय स्तर पर भी बैठक आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में भूविस्थापितों की सभी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा और प्रबंधन के द्वारा उनकी मांगों का समाधान निकाल जाएगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरईपाली निवासी रामेश्वर मरपच्ची उम्र 19 वर्ष पिता रामदयाल मरपच्ची अपने दोस्त शिवराज के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एके 1085 में बैठकर बिजली का काम करने उछलापारा गये थे। दोपहर लगभग 2 बजे रामेश्वर मरपच्ची अपने दोस्त शिवराज से मोटर सायकल को मांग कर दीर्घशंका के लिए तालाब निकला था। इसी दौरान सैला मेन रोड के पास अज्ञात सफेद रंग का कार चालक के द्वारा तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया ।जिससे रामेश्वर मरपच्ची के सिर, मुंह, नाक, दांए हाथ में गंभीर चोंट लगा। ईलाज हेतु सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## अवैध शराब के खिलाफ मुहीम 171 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में विभिन्न थाना चौकी पुलिस द्वारा 171 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग एवं कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। जिसमें बालकोनगर पुलिस द्वारा लालघाट क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध डस्टर वाहन को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान परसाभाठा वाहन चालक सरोज पांडे उम्र 23 वर्ष पिता सूरज पांडे के कब्जे से कुल 80 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। इसी तरह दीपक पुलिस द्वारा अंडीकछार निवासी फूल सिंह धनवार से 20 लीटर महुआ शराब, विजय धनवार से 3 लीटर महुआ शराब, सुरेश रामदास 3 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। करतला पुलिस द्वारा नवाडीह सेंदीपाली त्रिभुवन कुमार के कब्जे से 4.5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। वहीं उरगा पुलिस द्वारा गुमियाभांठा निवासी मनोज कुमार धनवार के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब तो दर्री पुलिस द्वारा नवागांव दर्री निवासी नारायण शाह के कब्जे से 35 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं अयोध्यापुरी पावर सिटी दर्री निवासी विजय जायसवाल के कब्जे से 6 पाव देसी मदिरा शराब जप्त किया गया है।

## 13 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**कोरबा।** जिले के दीपका थाने में धोखाधड़ी के तीन अलग अलग मामले दर्ज हुए हैं जिसमें एक ने शेयर मार्केट में रकम लगाने के नाम में ठगी की गई है जबकि दो अन्य मामलों में खाताधारकों के बैंक खाते से किसी ने रकम आहरण कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिवरता निवासी चन्द्रपाल बघेल उम्र 56 वर्ष पिता स्व. फिरतु राम बघेल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि वह पी.सी.सी.पी.एल. में काम करता है।

**समक्षः श्रीमान नोटरी महोदय पामगढ़**
**जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं सुरुचि उम्र 53 वर्ष पति घनश्याम जाति-गाडा साकिन-देवरघटा तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) का निवासिनी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि
1. यह कि शपथकर्ती उपरोक्त पते की निवासिनी है। 2. यह कि शपथकर्ती के पेन कार्ड के अंग्रेजी में SURUCHI CHAUHAN लिपकीय त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसका पेन कार्ड नं.-AXTPC5484A है। 3. यह कि शपथकर्ती के समस्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड में सुरुचि दर्ज है जो सत्य एवं सही है। आधार कार्ड नं.-7826 2927 6917 है। 4. यह कि शपथकर्ती के पेन कार्ड के अंग्रेजी में SURUCHI CHAUHAN को सुधारकर आधार कार्ड के अनुसार सुरुचि अंग्रेजी में SURUCHI दर्ज किया जावें। 5. यह कि सुरुचि एवं सुरुचि चौहान एक ही व्यक्ति है अलग-अलग व्यक्ति नहीं है। दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती है।
अस्तु यह शपथ पत्र पेन कार्ड के अंग्रेजी में SURUCHI CHAUHAN को सुधारकर आधार कार्ड के अनुसार सुरुचि अंग्रेजी में SURUCHI दर्ज करने हेतु निष्पादित की गई है।

शपथकर्ती
सुरुचि

:- सत्यापन :-

मैं सुरुचि यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त कण्डिका 01 से 05 तक की बातें मेरे स्वयं की ज्ञान एवं जानकारी से सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 17/04/2025 को स्थान पामगढ़ में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
स्थान-पामगढ
दिनांक - 17/04/2025

सत्यापनकर्ती
सुरूचि

शपथकर्ता- मैं रामेश्वरी पति लैनदास जाति सतनामी निवासी मकान नं 268, सतनामी पारा वार्ड नम्बर 14 बडेरवेली थाना एवं तहसील मालखरौदा जिला सक्ती छ .ग . की हू जो कि शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूं कि
1 यह कि मेरे नाम पर ग्राम बड़े रखेली में आधार कार्ड जारी किया गया है जिसका आधार कार्ड क्रमांक 717604793059 है उक्त नम्बर पर मेरे नाम बड़े फोटोबाई पति लैनदास तथा रमेश्वरी बाई पति लैनदास जारी किया गया है।
2/ यह कि मेरा आधार कार्ड क्रमांक 717604793059 में मेरा नाम त्रुटिवश बड़े फोटोबाई पति लैनदास के स्थान पर रामेश्वरी पति लैनदास दर्ज अंकित हो गया है।
3/ यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 717604793059 में दर्ज मेरा नाम बजे फोटोबाई पति लैनदास के स्थान पर रामेश्वरी पति लैनदास दर्ज अंकित किया जाये।
4/ यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 717604793059 में त्रुटिवश दर्ज मेरा नाम बड़े फोटोबाई पति लैनदास जाति सतनामी निवासी मकान नंबर 268, सतनामी पारा वार्ड नम्बर 14 बडेरवेली थाना एवं तहसील मालखरौदा जिला सक्ति छ.ग. की मूल प्रति को आवेदन पत्र के साथ वापस कर रही हूँ।
5/ यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 717604793059 में दर्ज मेरा नाम ब फोटोबाई पति लैनदास के स्थान पर रामेश्वरी पति लेनदास दर्ज अंकित किया जाने बाबत यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूँ।

शपथकर्ता

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
- फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुडना
- कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
- सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
- नसों से संबंधित दर्द

डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615




Vocal For Local | घर पहुंच सेवा उपलब्ध
अपने नजदीकी इलेक्ट्रानिक्स दुकान पर वर्ल्डटेक के सभी प्रोडक्ट प्राप्त करें।
बाराद्वार: बालाजी इंटरप्राईजेस अकलतरा : अजय गुप्ता फर्नीचर, नैला : बबलू टीवी सेंटर, यश टीवी सेंटर, महाकाली इंटरप्राईजेस, नामदेव टी. वी., पामगढ़ : तोमेश इंटरप्राईजेस, अनिश इंटरप्राईजेस, देव इलेक्ट्रानिक्स चांपा : गणेश मोबाइल, ईशा टीवी सेंटर, पटेल इंटरप्राईजेस, सिवनी : हितेश इलेक्ट्रानिक्स, मुन्ना बर्तन, मालखरौदा : बालाजी सेल्स, सक्ती : श्रद्धा सेल्स, सूरजभान इंटरप्राईजेस, मुलमुला : गोस्वामी इलेक्ट्रानिक्स, राहौद : महामाया इंटरप्राईजेस, शिवरीनारायण : आकाश एजेंसी, चित्रा डीजे शोरूम, बलौदा : मनमोहन बर्तन, मनीष गुप्ता टीवी, अग्रवाल टीवी, भटगांव : प्रदीप इलेक्ट्रानिक्स
अधिकृत विक्रेता JMD Enterprises For Trade Enquiries Mo. 9131062750, 7987756265

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



4 किसान घर बैठे स्वयं कर सकेंगे असली-नकली खाद की पहचान




## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक 22 को

**जांजगीर-चांपा।** सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा ने बताया कि शुक्रवार 18 अप्रैल को गुड फ्राई-डे (शासकीय अवकाश) होने के कारण जिला चिकित्सालय जांजगीर में जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी मंगलवार 22 अप्रैल को मेडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाएगा।

### आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पचोरी 2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केंद्र कपिस्दा केंद्र 1 व कपिस्दा केंद्र 2 सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त किये गये अंकों के आधार पर प्रथम (प्राविधिक) योग्यता सूची जारी किया गया है। उक्त सूची परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह में प्रकाशित कर दिया गया है। जिस किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 25 अप्रैल तक कार्यालयीन समय पर सप्रमाण दावा-आपत्ति कर एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह में लिखित में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

### सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन पर 23 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के "प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन हेतु योजना 2025" जारी किया गया है। उप आयुक्त सहकारिता ने बताया कि 1 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखा एवं अन्य द्वारा 23 अप्रैल तक अपनी दावा-आपत्तियाँ तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा शिवरीनारायण, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर प्रक्षेत्र एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला जांजगीर-चांपा के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### पीएम स्वामी आत्मानंद स्कूल डभरा में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**डभरा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत विद्यालयों में आने वाले नोटिफिकेशन जारी करते ही पीएम श्री स्वामी आत्मानंद डभरा स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं जिला शिक्षा अधिकारी एन .के . चंद्रा के निर्देशानुसार रिक्त सीटों के विरुद्ध 10 अप्रैल से 5 मई तक प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। प्राचार्य हेमचरण पटेल ने जानकारी दिया कि अंग्रेजी माध्यम की कक्षा पहली में प्रवेश लेने के लिए बच्चों की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। 50 सीटों के विरुद्ध अत्यधिक आवेदन आने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश हेतु चयन कर सीटों का आवंटन किया जाएगा। कुल सीटों का 50 प्रतिशत स्थान बालिकाओं के लिए आरक्षित रहेगा। 25 प्रतिशत गरीबी रेखा श्रेणी के आवेदकों के लिए आरक्षित होगा एवं महतारी दुलार योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय समय में संपर्क किया जा सकता है।

# खत्म नहीं हो रही सिंचाई की समस्या, आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे किसान

## एक दिन बाद कम हो गई नहर की धार, गांव-गांव में बैठकों का दौर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में रबी फसल के लिए पानी के लिए हो रही किल्लत से परेशान होकर किसान अब आंदोलन के लिए लामबंद होने लगे है। कृषक चेतना मंच के बैनर तले गांव गांव में किसानों की बैठकें होने लगी है। बताया जाता है कि शीघ्र नहर की धार नहीं बढ़ाई जाती है तो जिले भर के किसान सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

गौरतलब है कि जिले में किसानों को इस बार रबी फसल के लिए पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शुरूआती दो ढाई महीने के बाद जिस तरह से जिम्मेदार अफसरों ने नहर में पानी का बहाव कम कर दिया, उसको लेकर किसान खासे परेशान है। जिले के नवागढ़, पामगढ़ और अकलतरा, बलौदा क्षेत्र के दर्जनों गांव में नहर की धार खेतों तक नहीं पहुंच पा रही है। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन फसलों में बालियां आने को है और ऐनवक्त पर हो रही पानी की किल्लत के चलते किसानों के पूरे ढाई-तीन महीने की मेहनत दांव पर लग गई है। खास बात यह है कि दो दिन पहले किसानों की परेशानी को देखते हुए नहर की धार बढ़ाई गई थी। मुख्य शाखा नहर में तकरीबन 12 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, लेकिन इसके बाद फिर से नहर की धार कम हो गई है। स्थिति यह है कि धुरकोट के आगे नवागढ़, सेमरा, किरीत, खैरताल, मिसदा क्षेत्र की मुख्य शाखा नहर में ही पानी की धार अत्यंत कम हो गई है। इसी प्रकार पामगढ़, अकलतरा क्षेत्र में ही किसान पानी की समस्या से जूझ रहे है। इस तरह की स्थिति को देखते हुए कृषक चेतना मंच के बैनर तले किसान लामबंद होने लगे है। गुरूवार 17 अप्रैल को नवागढ़ ब्लाक के हरदी में किसानों की बैठक हुई, जहां नहर में कम पानी आने के कारण फसलों को बचाने सभी ने चिंता जाहिर की। इसी तरह बुधवार 16 अप्रैल को पामगढ़ ब्लाक के चण्डीपारा में किसानों की बैठक हुई थी, जहां सभी ने जल संसाधन विभाग और जिम्मेदार जिला प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए सवाल खड़े किए। किसानों का कहना है कि जिला जल उपयोगिता समिति में लिए गए निर्णय के बाद किसानों ने पूर्व की भांति ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है, लेकिन इस बार पानी की किल्लत ने उनकी मेहनत को दांव पर लगा दिया है। कई गांवों में 15 से 20 फीसदी फसल सूखने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र पानी नहीं बढ़ाया जाता है तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



**पहले चेतावनी फिर आंदोलन**

जिस तरह से सिंचाई की समस्या हो रही है, उसको लेकर किसान भारी परेशान है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में 30 अप्रैल तक पर्याप्त पानी देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन नहर की धार अत्यंत कम है। फसल सूखने लगे है। इसको लेकर बैठकें हो रही है। किसान आक्रोशित है। जिला प्रशासन को पहले ज्ञापन सौंपेंगे, इसके बाद आंदोलन किया जाएगा।

-राजशेखर सिंह,
जिला संयोजक, कृषक चेतना मंच

## 23 साल का युवक ठगी के मामले में गिरफ्तार

# शेयर ट्रेडिंग और रियल स्टेट में इन्वेस्ट के नाम पर लगाया करोड़ों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन खरीदी बिक्री एवं शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा देने का लालच देकर ठगी करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस एवं सायबर सेल की टीम ने धर दबोचा। खास बात यह है कि आरोपी की उम्र महज 23 साल है और उसने इतनी ही कम उम्र में ना केवल लग्जरी गाड़ियां और कीमती जमीन खरीदी है बल्कि प्रदेश के अलावा विदेशों में भी जाकर अपनी उत्कृष्टता का तमगा हासिल किया था। अब लोगों की शिकायतों पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो वह सलाखों के पीछे जा पहुंचा।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण क्षेत्र के राहौद निवासी रामप्रसाद यादव ने चांपा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि आरोपी पीयूष जायसवाल के द्वारा एक सेमीनार का आयोजन किया गया था। जिसमें पहुंचे लोगों को जमीन खरीदी बिक्री करने तथा शेयर मार्केट ट्रेडिंग में पैसा लगाने के नाम पर लुभावने ऑफर दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

इससे प्रभावित होकर प्रार्थी ने आरोपी पीयूष जायसवाल से संपर्क किया तो उसने प्रार्थी को विश्वास में लेकर अलग- अलग खातों में तथा नगदी रकम कुल जुमला 1 करोड़ 24 लाख 10 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद ना तो उसे जमीन मिल रही है और ना ही ट्रेडिंग में लगाए गए पैसे का भुगतान किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस पर प्रार्थी रामप्रसाद ने उसे रकम वापस करने की बात कही तो आरोपी पीयूष जायसवाल ने अलग अलग खातों का चेक दे दिया, लेकिन उसमें पैसे का भुगतान नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में प्रार्थी ने इस पूरे मामले की शिकायत चांपा थाने मे दर्ज कराई। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा जांच पर आरोपी के विरुद्ध प्रार्थी से जमीन खरीदी और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करना पाये जाने पर आरोपी के विरुद्ध 318(4),316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। इधर मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में सायबर टीम के साथ चांपा पुलिस टीम ने जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपी के निवास में दस्तक दी तो वह फरार था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम रायगढ़ क्षेत्र की ओर रवाना हुई, जहां पलगड़ा के पास घेराबंदी कर आरोपी पियुष जायसवाल को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ करने पर आरोपी प्रारंभिक तौर पर गुमराह करता रहा, परंतु बारीकी से पूछताछ करने पर धोखाधड़ी करने का जुर्म स्वीकार किया। पूछताछ पर उसने बताया कि क्षेत्र के कई लोगों से उसने रुपए लिए है, जिसे अलग-अलग जगह पर जमीन तथा प्लाट में इन्वेस्ट किया है। इन्हीं पैसों से 2 चारपहिया वाहन खरीदना बताया। पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदे गए 2 नग चार पहिया वाहन, 3 नग मोबाइल, 1 नग लैपटॉप तथा पैसे लेनदेन के संबंध में अन्य दस्तावेज जप्त किया है। बहरहाल आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उल्लेखनीय है कि उक्त आरोपी को पिछले दिनों दुबई में सम्मानित किया गया था। इसके अलावा शहर सहित अंचल के कई प्रतिष्ठित मंच पर उसे कम उम्र के उत्कृष्ट ट्रेडिंग व रियल स्टेट डेवलपर्स के रूप में सम्मानित किया गया था।

# इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम में लगी आग, तीन गाड़ियां जलकर खाक

## चांपा नगर के गेमन पुल के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा नगर के गेमन पुल के पास स्थित युवान इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। घटना में तीन इलेक्ट्रिक बाइक जलकर खाक हो गई। जिसके चलते दुकान संचालक को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के गेमन पुल के पास स्थित युवान एवी वर्ल्ड नामक इलेक्ट्रिक स्कूटी एवं मोटर सायकिल के शोरूम में गुरूवार 17 अप्रैल की दोपहर आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शोरूम में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। जिससे भारी नुकसान हुआ है। इस हादसे में रेड मोटर कंपनी की तीन इलेक्ट्रिक बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। इसके अलावा शोरूम में लगा एयर कंडीशनर (एसी), सीलिंग और कार्यालय में रखे अन्य सामान भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भी मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। केवल संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके पूर्व भी चांपा शहर में शार्ट सर्किट के चलते टेलर दुकान में भीषण आग लग गई थी। जिसके चलते संचालक को काफी नुकसान पहुंचा था।






शोरूम में जलकर खाक हुई इलेक्ट्रिक बाइक।

# रेत लोड हाइवा ने गाय को लिया चपेट में लगाम लगाने में यातायात पुलिस नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

रेत से भरी हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सडक किनारे बैठी गर्भवती गाय को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना राहौद चौकी क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरदेई मार्ग पर स्थित इंडेन गैस एजेंसी के कुछ ही दूरी पर वाहन चालक ने तेज रफ्तार गाड़ी को बुधवार 16 अप्रैल को को गर्भवती गाय के पर चढ़ा दी। अनियंत्रित वाहन गाय सौ मीटर से अधिक दूरी तक घसीटते ले गए। प्रत्यक्षदर्शी की अनुसार गाय सड़क किनारे बैठी थी। इस दौरान लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए रेत से भरी हाईवा गाड़ी को चढ़ाकर मौके से फरार हो गए। जिससे मौके पर गर्भवती गाय ने मौके पर ही मौत गई। बेख़ौफ़ व अनियंत्रित तरीके भारी वाहन चलाने वाले चालक हर दिन मवेशियों को सड़क पर रौंदकर मौत के घाट उतार रहे हैं। जिससे हर महीने सैकड़ों गायों की जान जा रही है। यातायात पुलिस ऐसे लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते वाले वाहन चालकों पर कारवाई नहीं कर पा रही है। जिससे इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। बेजुबान गौ माता असामयिक मौत के मुंह में समां जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त गाय की मौत भारी वाहन से हुई है वह गर्भवती थी। उसके पेट में पल रहा नवजात बछड़ा की भी मौत हो गई। इसके अलावा गाय के गर्भाशय में वाहन चढ़ने से बछड़ा अलग हो गया और तड़पते हुए उनकी भी मौत हो गई। इधर घटना को लेकर नागरिकों में आक्रोश है।

- शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के राहौद नगर पंचायत की घटना

# महिलाओं ने रैली निकालकर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

खोंड़ में सरपंच एवं महिलाओं के द्वारा रैली निकाल कर अवैध शराब के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही 7 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आबकारी विभाग व थाना घेराव करने की चेतावनी दी।

**खास बात**

- 7 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आबकारी व थाना का किया जाएगा घेराव

ग्राम पंचायत खोंड़ की सरपंच लक्ष्मी अखिलेश रात्रे एवं ग्राम की महिला समूह के सदस्यों के द्वारा ग्राम पंचायत खोंड़ में अवैध शराब बिक्री के विरोध में रैली निकाल कर अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से गांव में अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। सरपंच लक्ष्मी अखिलेश रात्रि ने बताया कि गांव के विभिन्न वार्डों में अवैध शराब एवं गंजा की खुलेआम बिक्री किए जाने से गांव के स्कूली बच्चे, किशोर, युवा एवं बुजुर्ग सभी नशा पान करके गांव का माहौल बिगड़ रहे हैं। जिससे गांव की बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव मे अवैध शराब की समस्या को लेकर आबकारी एवं पुलिस विभाग को कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन जिम्मेदार लोगों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। महिला समुह के सदस्यों के द्वारा गांव में रैली निकाल कर अवैध शराब एवं गांजा बेचने वालों को समझाइश दी गई है। यदि 7 दिवस के भीतर शराब एवं गांजा बिक्री बंद नहीं होने पर ग्राम पंचायत के महिलाओं द्वारा आबकारी कार्यालय एवं थाना का घेराव किया जाएगा।



विरोध प्रदर्शन करती महिलाएं।

## जिले के मुखिया से समस्या से निजात दिलाने लगाई गुहार

# सड़क किनारे राखड़ डंप कर फसल को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सकर्रा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे राखड़ डंप किया जा रहा है। जिसके चलते धान की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। इस बात की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर ने करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि सक्ती जिला अंतर्गत आने वाले मालखरौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत सकर्रा में मुख्य मार्ग के किनारे सरकारी जमीन पर राखड़ डंप कर दे रहे है। जिसके चलते धान की फसलों को नुकसान हो रहा है। साथ ही आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। इस बात की शिकायत दर्राभांठा निवासी खगेश कुमार पिता कृष्णलाल उम्र 49 वर्ष एवं सकर्रा निवासी उमाशंकर चन्द्रा पिता रूपनारायण चन्द्रा उम्र 73 वर्ष ने जिला के कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंप कर शासकीय भूमि पर राखड़ पाटने से रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम सकर्रा में उनके निजी भूमि के किनारे स्थित शासकीय जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा मनमाने रूप से पीडब्ल्यूडी के शासकीय भूमि भूमि पर जबरन बलपूर्वक सड़क किनारे स्थित पर राखड़ डालकर एवं पाटकर आवेदकगण की भूमि में लगे घान फसल को राखड़ की धूल से नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि भविष्य में राखड़ रिस-रिस कर आवेदकगण की खेत मे जा सकता है। जिसकी वजह से खेत बंजर होने की संभावना है। जिसे तत्काल रोका जावे, अन्यथा हमें अपूर्णीय क्षति होगी। पीडब्लूडी की उक्त भूमि मालखरौदा से सक्ती मुख्य मार्ग राज मार्ग मे सकर्रा राईसमिल के पास की कीमती भूमि है, जिसे आवेदकगण को बिकी करने व राखड़ डालकर कब्जा करने से रोका जावे, अन्यथा आवेदकगण एवं शासन को भी अपूर्णीय क्षति होगी, जिसकी भरपायी कहीं से संभव नहीं होगी। इसके पूर्व शिकायतकर्ता द्वारा आवेदन पत्र तहसीलदार अड़भार एवं अनुविभागीय अधिकारी मालखरौदा को 12 फरवरी को अनावेदकगण के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु आवेदन दिया गया है, जिस पर आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही नही होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे है। ऐसे में राखड़ डालने से रोकना अत्यंत आवश्यक हो गया है। वही इस राखड़ मे चलने से कई जानवर चोटिल हो रहे है। वहीं सकर्रा मुख्य मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। हवा चलते ही राखड़ डस्ट खेत के साथ साथ मुख्य मार्ग पर आ रहे है।



सड़क किनारे डंप राखड।

# 40 गांव से होकर गुजरेगी गौ ग्राम जनजागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

गौसेवा आयोग के निर्देशन और गणेश दामोदर बापट गौशाला कुष्ठ आश्रम कात्रेनगर के तत्वावधान में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक गौग्राम जनजागरण यात्रा की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए गुरूवार 17 अप्रैल को बैठक आहूत की गई थी। उक्त बैठक कुष्ठ आश्रम परिसर, कात्रेनगर में दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुई।

गौसेवा को जनांदोलन बनाने की पहलबैठक में निर्णय लिया गया कि यह यात्रा 7 मई से 12 मई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 50 गांवों का भ्रमण कर गौसेवा, आत्मनिर्भर गौग्राम, स्वदेशी विचार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यात्रा का नेतृत्व गौमाता की प्रतिकृति युक्त विशेष वाहन करेगा। बैठक में सांसद कमलेश जांगड़े, सुधीर देव, गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत, रामप्रकाश केशरवानी, घनश्याम तिवारी, श्रीमती मोहन साहू, सुश्री आशा साव, रोहित चंद्रा, नरेंद्र जायसवाल, सोनू जायसवाल, जयंती सिंह क्षत्रि, उषा राठौर, रघुनाथ बरेठ, गजाधर श्रीवास, मनहरण चंद्रा, सुनील अवस्थी, अजय सराफ, शिवचरण कश्यप, रामकुमार श्रीवास, दिनेश साहू, जितेंद्र श्रीवास आदि उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण संबंधी दी गई जानकारी



**बाराद्वार।** नगर पंचायत बाराद्वार के वार्ड क्रमांक-10 आंगनबाड़ी केन्द्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण पर चर्चा किया गया। मानव शरीर में आावश्यक पोषक तत्वों पर चर्चा किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती श्याम कंवर, पर्यवेक्षक श्रीमती दिलीप सिदार, पार्षद अजय सिंह राजपूत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना साहू, गंगा देवी, संतबाई महंत आदि के द्वारा पोषण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना राठौर, मोंगरा कंवर, निर्मला सिदार, चंद्रकली गुप्ता, उर्मिलालहरे, रीना साहू, राधा यादव, पूर्णिमा बघेल, विभा अग्रवाल, राजकुमारी वर्मा, चंद्रिका अजगल्ले एवं समूह की महिलाएं समुंद बाई, उषा बरेठ एवं नगरवासी शारदा यादव, शोभा यादव, प्रेमबाई केंवट आदि उपस्थित रहे। पखवाड़ा के दौरान प्रतिदिन अंकुरित चना, गुड़, हरी सब्जी, मौसमी फल आदि के सेवन के लिए सबको प्रेरित किया गया।

## कौशल विकास योजना के तहत आज से दिया जाएगा प्रशिक्षण

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ राज्य अंत्य व्यवसाय व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास योजना के तहत क्षेत्र के अनुसूचित जाति की महिलाओं को 18 अप्रैल से 45 दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिलाई प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर के भारतीय लहरे ने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल होने वाले महिलाओं बालिकाओं द्वारा जरुरी दस्तावेज के साथ आवेदन ब्लॉक मुख्यालय में स्थित प्रशिक्षण केंद्र में जमा किया है। पहले चरण में 30 महिलाओं एवं बालिकाओं को शुक्रवार 18 अप्रैल से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## लायंस क्लब का एक्यूप्रेशर शिविर 21 से 27 अप्रैल तक

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा 21 से 27 अप्रैल तक सुबह 8:30 से 12:30 बजे तक तथा शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में वाईब्रेशन, सुजोक, नेचुरल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर (राजस्थान) से आये विशेषज्ञों द्वारा बिना औषधि विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने बताया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज का हर रोज 15 से 20 मिनट तक इलाज किया जाएगा। शिविर के 7 दिन का पंजीयन शुल्क मात्र 100 रुपए एक बार ही लगेगा तथा इलाज निःशुल्क होगा। शिविर में विशेषज्ञ थैरेपिस्ट गोरधन चौधरी तथा भोमराज चौधरी द्वारा अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के एक्यूप्रेशर, सुजोक तथा वाईब्रेशन थैरेपी से किया जाएगा। शिविर में प्रमुख रूप से पुराना सर दर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, वेरिकोज वेन्स, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन तथा हाथ-पैरों में झुनझुनी होने जैसे रोगों का उपचार किया जाएगा।

**निधन**

## श्रीमती मंजूलता सोनी



**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त लेखापाल पाढ़ीघाट मार्ग निवासी रामलाल सोनी की धर्म पत्नी श्रीमती मंजूलता सोनी का बुधवार 16 अप्रैल की मध्यरात्रि निधन हो गया। वे 58 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती सोनी अपने पीछे पति समेत एक पुत्री का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर मुक्तिधाम में एक शोक सभा का आयोजन कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन किया गया।

### कृषि विभाग ने रासायनिक खाद की गुणवत्ता परखने के बताए तरीके

# किसान घर बैठे स्वयं कर सकेंगे असली-नकली खाद की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में अच्छी पैदावार लेने के लिए किसान डीएपी, यूरिया आदि उर्वरक का उपयोग करते है। निर्धारित मात्रा से अधिक इस्तेमाल करने के बाद भी अपेक्षा के अनुरूप पैदावार नहीं मिलती इसके पीछे सबसे बड़ा कारण नकली खाद होता है।

आज के इस मिलावट खोरी के दौर में किसान इसके चक्कर में अक्सर पड़ जाते है। पूरी कीमत देकर नकली खाद को अपनी फसल में डालते है। इसके कारण सही परिणाम नही मिल पाता ऐसे मे किसानों को असली और नकली खाद की पहचान करना जरूरी होता है। किसानों के हित में कृषि विभाग द्वारा घर बैठे असली और नकली खाद की पहचान के तरीके बताये जिसका प्रयोग करके किसान नकली खाद के उपयोग से बच सकेंगे। खरीफ सीजन के पहले शासन प्रशासन किसानों के लिए रासायनिक खाद की पर्याप्त भण्डारण की तैयारी में है। बारिश होने के बाद अचानक खाद की मांग बढ़ने से किसानों को एक साथ खाद की आपूर्ति नहीं हो पाती है। ऐसे में किसान बाजार से खाद खरीदते है। खास बात यह है कि खाद की बढ़ती मांग का फायदा मिलावट करने वाले भी उठाते है और किसानों से असली खाद की कीमत पर नकली खाद थमा देते है। इससे किसानों को चौतरफा नुकशान उठाना पड़ता है। नकली खाद के उपयोग से फसल उत्पादन प्रभावित होता है, परेशानी और अधिक खर्च होता है वो अलग। इसको ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को असली और नकली खाद की पहचान करने का आसान तरीका बताया गया है। इस पहल से किसान घर बैठे चंद मिनटो में यह पता लगा सकेंगे कि कौन सी खाद असली और कौन सी खाद नकली है। ध्यान रखे कि गर्म करने पर डीएपी व अन्य काम्प्लेक्स के दाने फुल जाते है जबकि सुपर फास्फेट के नही है। इस प्रकार इसकी मिलावट की पहचान आसानी से की जा सकती है।

ऐसे करें रासायनिक खाद की पहचान डीएपी - इसके कुछ दानों को हाथ में लेकर तंबाकू की तरह उसमें चूना मिलाकर मलें। अगर उसमें



दुकान में बिक्री के लिए रखा खाद।

से तेज गंध निकले जिसे सूंघना मुश्किल हो जाये तो समझें कि ये डीएपी असली है। एक दूसरी विधि भी है। डीएपी के कुछ दाने धीमी आंच पर तवे पर गर्म करें, यदि ये दाने फुल जाते है तो समझ ले यही असली डीएपी है। नाखूनों से तोड़ने पर यह आसानी से नहीं टूटेगा। यूरिया - असली यूरिया घुलनसील होता है। इसके घोल को छूने पर ठंडा महसूस होता है। उधर नकली यूरिया खाद के दानों को तवे पर गर्म करके देखें, यदि इसके दानें पिघलें नही तो समझ लीजिए, यह यूरिया खाद नकली है।

सुपर फास्फेट- इसके कुछ दानों को तवा में गर्म करे अगर ये नही फुलते है तो समझ ले यही असली सुपर फास्फेट है। सुपर फास्फेट नाखूनों से न टूटने वाला उर्वरक है।

पोटाश- नकली पोटाश की पहचान के लिए उसके दानों पर पानी की कुछ बूंदे डालने के बाद ये आपस में चिपक जाएं तो समझ ले कि ये नकली पोटाश है। पोटाश पानी में घुलने पर इसका लाल भाग पानी में तैरता रहता है। जिंक सल्फेट- अगर जिंक सल्फेट के घोल में पतली कास्टिक का घोल मिलाने पर सफेद मटमैला मांड जैसा अवशेष बनता है। अगर इसमें गाड़ा कास्टिक का घोल मिला दे तो वे अवशेष पूरी तरह से घुल जाती है।

# भाजपा जो वादा करती है, उसे ईमानदारी से निभाती है : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी-चांपा

- सिवनी में पीएम आवास का सांकेतिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित

भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो वादा करती है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाती भी है। राज्य और केंद्र में इस समय भाजपा की सरकार है। आम जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिसमें पीएम आवास योजना, महतारीं वंदन योजना, सरस्वती सायकिल योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, किसान समृद्धि योजना जैसे कई अनेक योजनाएं शामिल हैं। समाज के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का विचार सबका साथ और सबका विकास सचमुच में सराहनीय है।

उक्त बातें बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के पंचायत भवन में आयोजित पीएम आवास का सांकेतिक गृह प्रवेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाबा अम्बेडकर साहब ने सबके लिए संविधान को लिखा है। दुनिया में दो ही जाति है वह है नारी और पुरूष और तीसरा जाति है ही नहीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर की मांग पर बजरंग चौक में मंदिर के विस्तार के लिए अपने सांसद निधि से पांच लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान किया। गांव के दस लोगों को पीएम आवास की सांकेतिक गृह प्रवेश की चाबी सौंपी गई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल प्रसाद रावटे, जनपद सीईओ नायक, जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर, जनपद अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत, जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर, सरपंच संघ के अध्यक्ष व कुरदा सरपंच नरसिंह साहू, सिवनी सरपंच कृष्णकुमारी शिव सिदार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयभवानी देवांगन, सिवनी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि गबेल, डॉ राजू यादव, गजानंद देवांगन, रामगोपाल साहू, के के देवांगन, प्रमोद देवांगन, हेतराम देवांगन, चंद्रकुमार राठौर, राजेन्द्र साहू, अरुण यादव,रूखमणी पांडे, गौरी नामदेव, शर्मिला गोस्वामी, पुष्पा राठौर, दिनेश यादव, सुनीता दुबे, रूपलता राठौर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जनपद के अधिकारी, कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे।





कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करती सांसद।

**सांसद ने सिंचाई विभाग पर व्यक्त की नाराजगी**-किसानों को रबी फसल के लिए नहर में दी गई पानी को होली पर्व के एक दिन पहले से पानी का बहाव कम करने से किसानों की परेशानी तथा फसल की नुकसान के बाद भी सिंचाई विभाग की उदासीनता पर कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए धान की फसल पकने तक नहर में पानी दिये जाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल अपने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों में कल होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शनिवार 19 अप्रैल को अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र व अंचल में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



- जगीर-नैला स्टेशन चौक स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय में कार्यकर्ताओं व आम जनता से करेंगे भेट

श्री चंदेल प्रातः 9 बजे नहरिया बाबा मंदिर नैला जाएंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना कर मत्था टेकेंगे एवं क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। तद्उपरांत वे सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन के समीप अपने जनसंपर्क कार्यालय में जिले व अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से भेट करेंगे तथा इसी बीच क्षेत्र में चयनित अग्निवीरों का सम्मान भी करेंगे। तद्उपरांत वे शाम 4 बजे वृद्धाश्रम खोखरा जाएंगे। वहां वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा सभी को मिष्ठान व फल का वितरण करेंगे। इसके बाद वे सोठी आश्रम जाएंगे वहां सिद्धी विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा वहां फल व मिष्ठान वितरण करेंगे। श्री चंदेल जांजगीर के देवी दाई मंदिर सहित क्षेत्र व अंचल के अनेक मंदिरों में जाकर मत्था टेकेंगे व आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। भारतीय जनता पार्टी व भाजपा युवा मोर्चा सहित अनेक संगठनों ने श्री चंदेल के जन्मदिन के अवसर पर अपनी ओर से अनेक कार्यक्रम आयोजित किये है। श्री चंदेल इस दिन अनेक धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होंगे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में धनंजय ने जीता स्वर्ण पदक व स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम लटिया के वेट लिफ्टर धनंजय यादव को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग में नाम छत्तीसगढ़ का खिताब मिला है।

छत्तीसगढ़ पॉवरलिफ्टिंग संघ द्वारा बिलासपुर पॉवरलिफ्टिंग संघ एवं वन विभाग वाहन चालक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के सयुंक्त तत्वधान में 11 से 13 अप्रैल 2025 तक 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य क्लासिक महिला एवं पुरुष पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन वन मण्डल चेतना भवन सकरी बिलासपुर में आयोजन किया गया जिसमें राज्य के लगभग 300 खिलाड़ियो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में धनंजय यादव ने 59 किलोग्राम सीनियर वर्ग में 200 किलो ग्राम स्काट व 87.5 किलो ग्राम ब्रेंचप्रेस एवं 220 किलोग्राम डेडलिफ्ट किया। धनंजय ने टोटल 507.5 कि ग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक व स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब अपने नाम किया। साथ ही नये राज्य स्तरीय रिकार्ड 200 किलो ग्राम स्काट रिकॉर्ड के साथ टोटल रिकॉर्ड 507.5 कि ग्राम का बनाया है। धनंजय यादव ने इस उपलब्धि के साथ अपने गृह ग्राम लटिया, अकलतरा एवं जांजगीर जिले का नाम रोशन किया है। धनंजय ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच सोमनाथ व विघ्नेश कुमार, माता पिता व डी एल फिटनेस क्लब को दिया। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव कृष्णा साहू ने एवं सदस्यों ने धनंजय को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।




अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते धनंजय।

## जेके नेशनल स्कूल ने किया सौरभ सिंह का सम्मान

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा नगर के ईटी जीके नेशनल स्कूल के सभागार में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान जेके नेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर आशीष सिंह के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ के द्वारा सौरभ सिंह को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह के द्वारा क्षेत्र वासियों के समस्याओं का समाधान एवं क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही गई। इस अवसर पर जेके नेशनल स्कूल के सीएओ करण सिंह चंदेल, जेके नेशनल स्कूल बिलासपुर के प्राचार्य निखिल शर्मा,जितेंद्र सारथी एवं सदस्य उपस्थित थे।



# नगर विकास को लेकर बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर विकास को लेकर नगरपालिका कार्यालय सक्ती में 16 अप्रैल को बैठक हुई। इस दौरान स्टेडियम अमजनों के लिए खोलने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई।

सीएमओ पुनीत वर्मा व सब इंजीनियर तारकेश्वर नायक के साथ बैठकर सक्ती नगर के नव निर्मित स्टेडियम को सुव्यवस्थित कर आमजन के लिए शीघ्र खोलने, निर्माणाधीन बुधवारी बाजार सड़क के संबंध में, निर्मित सियान सदन को उपयोग हेतु खोलने व सियान सदन में बने दुकानों की शीघ्र नीलामी कराने, बुधवारी बाजार के तोड़फोड़ से प्रभावितो के संबंध में, शराब दुकान को शहर से दूरस्थ खोलने जैसे विभिन्न मुद्दों सहित नगर विकास में हो रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक कराने व नगर को सुंदर, व्यवस्थित बनाने विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगरपालिका के उपाध्यक्ष भारत यादव, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि मनोज सोनी, भाजपा नेता दिलीप सराफ सहित अन्य लोग विशेष रुप से उपस्थित रहे।



नगर विकास के संबंध में चल रहे निर्माण कार्य के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी पहुंची राहौद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का बुधवार 16 अप्रैल को प्रथम राहौद नगर आगमन हुआ। मंत्री राजवाड़े सड़क मार्ग से राहौद नगर पहुंची जहां बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिलारी चौक में आतिशबाजी करते हुए, फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस दौरान नगर पंचायत राहौद के पार्षद अमित कुमार अनंत, पार्षद अवंतिका सुनिल गुप्ता, पार्षद नरसिंह गोंड़ ने जर्जर व किराए के भवन में संचालित हो रही आंगनबाड़ी भवन को लेकर मंत्री को अवगत कराकर नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति के लिए ज्ञापन सौंपा। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पार्षदों की मांग पर व आंगनबाड़ी में प्रवेशित बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुए बहुत जल्द नगर में नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। इस मौके पर पूर्व सांसद जांजगीर-चांपा गुहाराम अजगल्ले, जिलाध्यक्ष अंबेश जॉगडे, चंद्रकांत तिवारी सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर,यशवंत साहू मंडल अध्यक्ष, धीरेन्द्र नाथ योगी , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आरती योगी, पार्षद अवंतिका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### विद्यालयों में अध्यापन की गुणवत्ता सशक्त बनाने प्रशिक्षण आयोजित

# बच्चों को खेल-खेल में सिखाने शिक्षकों को दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकासखण्ड पामगढ़ में प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता को सशक्त बनाने एवं बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं गणना कौशल (एफएलएन) के विकास हेतु एफएलएन भरी मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह प्रशिक्षण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक एवं विकासखण्ड स्रोत केंद्र अधिकारी दुष्यंत कुमार भर्तृहरि के मार्गदर्शन,संकुल समन्वयकों व एमटीएस के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य अप्रैल माह के शेष दिनों का प्रभावी उपयोग करते हुए शिक्षकों को विविध शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के एफएलएन कौशलों को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित करना था। प्रशिक्षण में कविता, कहानी, एफएलएन कार्ड, बिग बुक, गणितीय संक्रियाएं आदि शैक्षिक साधनों के उपयोग से बच्चों को खेल-खेल में सिखाने की विधियां प्रस्तुत की गईं। शिक्षकों ने स्वयं इन गतिविधियों को करके देखा, जिससे उनके बीच इन शैक्षणिक विधियों को लेकर एक साझा समझ विकसित हो सकी। साथ ही बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु गीत, कविता, नृत्य, कला एवं कागज से कलाकृतियां बनाने जैसी रोचक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के अंत में यह सहमति बनी कि प्रत्येक विद्यालय में 10 कविताओं, 10 कहानियों, प्रस्तुत कार्ड एवं गणितीय गतिविधियों पर बच्चों से कार्य कराया जाएगा, जिसे बोलेगा बचपन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रार्थना सभा में प्रस्तुत भी किया जाएगा। इस संपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने एवं क्रियान्वयन में सहयोग देने के लिए संकुल समन्वयकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की गई है, जो शिक्षकों के साथ मिलकर गतिविधियों को ज़मीनी स्तर पर क्रियान्वित करेंगे।



प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।





